दिनांकः 23.02.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क से प्रसारित होगा।।
- राज्य बजट के प्रचार–प्रसार और घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रभारी मंत्रियों और सचिवों के दौरे जारी।
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना का राज्य स्तरीय समारोह कल जयपुर में–प्रदेश के 72 लाख से अधिक किसानों को 14 सौ करोड़ रुपये की राशि मिलेगी।
- आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी।

.....................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में आज सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे। हर महीने प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार बताते हैं और क्षेत्र विशेष में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों और समुदायों का भी जिक्र करते हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक बदलाव लाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस बार मन की बात कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर, मोबाईल एप पर भी सुना जा सकता है। साथ ही ये ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा।

.....................................................................................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज राजधानी जयपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री धनखड़ का एक निजी विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है।
उधर, जोधपुर में आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री शहर में भाजपा नेताओं से रूबरू होंगे और सरकारी योजनाओं की क्रियान्विती को लेकर भी चर्चा करेंगे।

.....................................................................................

राज्य के हाल ही में पेश किये गये बजट के प्रचार–प्रसार और घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रभारी मंत्रियों और सचिवों का अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा जारी है। जयपुर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कल प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ये बजट आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के तहत साढे बारह हजार करोड रुपये के काम प्रगति की नई इबारत लिखेंगे। साथ ही किसानों को 25 हजार करोड रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण बडी राहत वाला फैसला साबित होगा।

.....................................................................................

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि फागी के मोहनपुरा और बस्सी के बांसखो में नए औद्योगिक क्षेत्र निवेश की संभावाओं को बढाएंगे। साथ ही सांगानेर और कोटखावदा में नए कॉलेज खुलने से उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।
उधर, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने टोंक के मालपुरा में जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। श्री चौधरी ने कहा कि अमृत 2.0 योजना और नगरीय निकायों में पीने के पानी की आपूर्ति के कामों को समय सीमा में करवाया जाएगा।

कोटपुतली–बहरोड़ जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।
सीकर जिले में प्रभारी सचिव आरती डोगरा और दौसा में प्रभारी सचिव भवानी सिंह देथा ने बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

..............................................................................................

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव द्वितीय नियुक्त किया गया है। श्री दास के चयन को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। श्री दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त आई.ए.एस. हैं।

..............................................................................................

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने का राज्य स्तरीय समारोह कल जयपुर में आयोजित किया जाएगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि ये समारोह दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में होगा।
इसमें राज्य के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को दो हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही थी, जिसे हाल के राज्य बजट में बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने की घोषणा की गई है। राज्य में अब योजना के पात्र किसानों को आठ हजार रुपये के स्थान पर नौ हजार रुपये सालाना मिलेंगे।
राष्ट्रीय समारोह बिहार के भागलपुर में होगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19वीं किस्त जारी कर देशभर के नौ करोड़ से अधिक किसानों को लाभान्वित करेंगे। योजना के तहत अब तक 18 किस्तों के माध्यम से देश के 11 करोड़ से भी अधिक किसानों को तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी की जा चुकी है।

..............................................................................................

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने देश के सहकारिता क्षेत्र को नया आयाम दिया है। केंद्र सरकार के प्रयासों से पिछले तीन वर्षों में सहकारिता क्षेत्र में काफी तेजी आई है। श्री शाह कल पुणे में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर के सहकारी बैंकों को वित्तीय कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए सेंट्रल रजिस्टर को–ऑपरेटिव सोसाइटी का पहला क्षेत्रीय कार्यालय पुणे में खोला जाएगा। उन्होंने सहकारी बैंकों से काम–काज में प्रौद्योगिकी को अपनाने का आग्रह किया।

..............................................................................................

पाली मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग ने नवाचार किया गया है। देहदान करने वालों की अस्थियों को बोन बैंक में संरक्षित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे विद्यार्थियों को पढाई और शोध में मदद मिल रही है।

..............................................................................................

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी। दुबई इन्टरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप–ए का ये मुकाबला दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। दो मैच जीतकर भारतीय टीम उत्साह से भरी हुई है। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम दबाव में है।

..............................................................................................

ब्रज क्षेत्र भरतपुर में इन दिनों फागोत्सव की धूम है। होली से पहले लोक संस्कृति के इन उत्सवों को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल है। हमारे संवाददाता ने बताया कि गली–मोहल्लों में फाग गीतों और चंग की थाप सुनाई दे रही है।

..............................................................................................

जयपुर के गोविंददेव जी मंदिर में आज से दरबार झांकी के साथ फागोत्सव की शुरूआत हो रही है। 13 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान गीत संगीत के विभिन्न आयोजन भी होंगे। उधर, चूरू में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कल विरासत

कार्निवल यात्रा से इसका शुभारंभ हुआ। दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताओं का सिलसिला जारी रहा। शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

..............................................................................................